अकबरनगर में बनेगा कार्गो टर्मिनल

चर्चा में क्यों?

7 दिसंबर, 2022 को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बिहार के भागलपुर के अकबरनगर में कार्गो टर्मिनल बनाया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि अकबरनगर में बनने वाले कार्गो टर्मिनल को मालदा मंडल रेल प्रबंधक विकास चौबे के नेतृत्व में बनाया जाएगा, जिसे वर्ष 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है।
- विदित है कि पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में एक ऐसा ही टर्मिनल गोड्डा में चालू किया गया है।
- रेल मंत्री ने बताया कि भारतीय रेलवे अगले तीन वर्षों में दर्जनों कार्गो टर्मिनल की स्थापना करेगा। 22 कार्गो टर्मिनल पहले ही शुरू किये जा चुके हैं, जबकि ऐसे टर्मिनलों के विकास के लिये 125 आवेदन प्राप्त हुए हैं और 79 को सैद्धांतिक मंज़ूरी दी जा चुकी है।
- रेलवे ने प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिये भारतीय खाद्य निगम के लिये टर्मिनल के निर्माण हेतु बिहार लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड को सैद्धांतिक मंज़ूरी दे दी है।
- इस कार्गो टर्मिनल में साइलो टाइप कंटेनरों का उपयोग किया जाएगा। साइलो को मूल रूप से अनाज और अन्य सामग्री को स्टोर करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। भारत में इस प्रकार के भंडारण का प्रयोग कम ही होता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cargo-terminal-1